प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 22.07.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी आज संविदा पर नियुक्त 126 चिकित्सकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, रांची के लोक स्वास्थ्य संस्थान में आयोजित होगा विशिष कार्यक्रम।
2. राज्य सरकार के प्रस्तावित मंइयां बलवान योजना पर भाजपा ने कसा तंज, झामुमो ने कहा– मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता से धरातल पर उतरेगी योजना।
3. सीबीएसई ने देश भर के सभी संबद्ध स्कूलों में उच्च क्षमता के सीसीटीवी कैमरे लगाना किया अनिवार्य, नया सर्कुलर जारी।
4. तमिलनाडु में अपहृत झारखंड के छह मजदूरों को पुलिस ने अपहरणकर्ताओं के चंगुल से सकुशल कराया मुक्त, स्वास्थ्य मंत्री ने डीजीपी के प्रति जताया आभार।
5. थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्ट्रेंथलिफ्टिंग और इनक्लाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप में जमशेदपुर की स्नेहा ने जीते दो स्वर्ण पदक।

*******************

राज्य सरकार संविदा पर 126 चिकित्सकों को आज नियुक्ति पत्र सौंपेगी। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है। इसके लिए रांची स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान नामकुम सभागार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी और विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह शामिल होंगे और नवनियुक्त चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे।

*******************

राज्य सरकार मंईयां सम्मान योजना की लाभुक महिलाओं को अब आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए एक नई योजना मंईयां बलवान की शुरुआत करने जा रही है। योजना के तहत स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी मंईयां योजना की करीब 25 से 30 लाख लाभुक महिलाओं को आजीविका के विभिन्न स्रोतों से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। इस बीच सरकार के प्रस्तावित इस योजना पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने तंज कसा ळें

इधर, झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा है कि यह योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदर्शिता का परिणाम है और यह धरातल पर जरुर उतरेगा।

*******************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए अपने सभी विद्यालयों में ऑडियो–विजुअल रिकॉर्डिंग वाले उच्च क्षमता के सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य कर दिया है। नए मानदंडों के अनुसार प्रवेश और निकास द्वार, गलियारों, सीढ़ियों, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, कैंटीनों, खेल के मैदानों और शौचालयों को छोड़कर अन्य सामान्य क्षेत्रों में कैमरे लगाए जाएंगे। कैमरों में रीयल–टाइम रिकॉर्डिंग और कम से कम 15 दिनों का डेटा उपलब्ध रहेगा जिसका उपयोग आवश्यकता के अनुसार किया जा सकेगा। इस संबंध में कल जारी एक अधिसूचना में, सीबीएसई ने अपने नियमों में संशोधन की घोषणा की।

*******************

तमिलनाडु में अपहृत झारखंड के छह मजदूरों को सकुशल मुक्त करा लिया गया है। सभी मजदूर जामताड़ा जिले के हैं। गौरतलब है कि अपराधी ने इन मजदूरों का अपहरण कर परिजनों से फिरौती की मांग कर रहे थे। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा इरफान अंसारी ने बताया कि झारखंड के डीजीपी की पहल पर तमिलनाडु पुलिस ने सभी मजदूरों को अपराधियों के चंगुल से मुक्त करा लिया है।

*******************

गिरिडीह में उपायुक्त रामनिवास यादव ने जल जीवन मिशन की जांच तेज कर दी है। इस सिसलिसे में उन्होंने जमुआ प्रखंड की तारा पंचायत में जल जीवन मिशन सहित अन्य विकास योजनाओं का निरीक्षण

किया। उपायुक्त ने वाटर टावर पर चढ़कर नल–जल योजना की प्रगति और गुणवत्ता की जांच की। डीसी ने स्पष्ट कहा कि काम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

******************

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन –इसरो के चंद्रयान–2 प्रक्षेपण की आज छठी वर्षगांठ है। इस मिशन का उद्देश्य चंद्रमा की भौगोलिक स्थिति, भूकंप विवरण, खनिज उपलब्धता और सतह संरचना का अध्ययन करना था, जिसमें चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर विशेष ध्यान दिया गया था।

******************

गढ़वा जिले में सशक्त पंचायत नेत्री अभियान के तहत निर्वाचित महिला मुखिया को सशक्त और दक्ष नेतृत्व प्रदान करने के लिये कार्यक्रम शुरू किये गये हैं।

******************

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक आज सवेरे से लगभग स्थिर कारोबार कर रहे हैं। अंतिम रिपोर्ट मिलने तक सेंसेक्स 82 हज़ार 258 अंक पर और निफ्टी 25 हज़ार 88 अंक पर कारोबार कर रहे हैं।

******************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत 92 हजार 5 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी प्रति किलो एक लाख 20 हजार रूपये है।

******************

आज राष्ट्रीय झंडा दिवस है। वर्ष 1947 में संविधान सभा द्वारा भारत के राष्ट्रीय ध्वज को अंगीकार करने की याद में हर वर्ष 22 जुलाई को देश में राष्ट्री य झंडा दिवस मनाया जाता है।

******************

जमशेदपुर की स्नेहा कुमारी ने थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्ट्रेंथलिफ्टिंग और इनक्लाइन बेंच प्रेस चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन किया है। चैंपियनशिप में उन्होंने दो स्वर्ण पदक जीतकर न सिर्फ भारत का गौरव बढ़ाया, बल्कि झारखंड का नाम भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। जमशेदपुर पहुंचने पर स्नेहा का खेल प्रेमियों ने भव्य स्वागत किया। इस सफलता से स्नेहा बेहद उत्साहित है।

*****************